रजिस्ट्री सं. डी.एल. (एन) 04/0007/2003—05

REGD. NO. D. L. (N) 04/0007/2003—05

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-सा.-15012024-251341
CG-DL-W-15012024-251341

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

साप्ताहिक
WEEKLY

सं. 21] नई दिल्ली, दिसम्बर 24—दिसम्बर 30, 2023, शनिवार/पौष 3—पौष 9, 1945

No. 21] NEW DELHI, DECEMBER 24—DECEMBER 30, 2023, SATURDAY/PAUSHA 3—PAUSHA 9, 1945

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह पृथक संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 4
PART II—Section 4

रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश
Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence

**रक्षा मंत्रालय**

**(वित्त प्रभाग)**

**अधिसूचना**

नई दिल्ली, 30 दिसम्बर, 2023

**का.नि.आ. 89.**—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और रक्षा लेखा विभाग, (ज्येष्ठ निजी सचिव) नियम, 2007 को, उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या किए जाने के लिए लोप किया गया है, रक्षा मंत्रालय, रक्षा लेखा विभाग में ज्येष्ठ निजी सचिव के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात, :-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.**-(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम रक्षा मंत्रालय, रक्षा लेखा विभाग, ज्येष्ठ निजी सचिव (समूह 'ख' पद) भर्ती नियम, 2023 है।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **पदों की संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर.**-उक्त पद की संख्या, उनका वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर वे होंगे जो इन नियमों के साथ संलग्न अनुसूची के स्तम्भ (2) से स्तम्भ (4) में विनिर्दिष्ट हैं।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं आदि.**-उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तम्भ (5) से स्तम्भ (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

4. **निरर्हताएं.**- वह व्यक्ति-

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है या विवाह की संविदा की है; या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह की संविदा की है,

उक्त पद में नियुक्ति का पात्र नहीं होगा।

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार है, तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. **शिथिल करने की शक्ति.**-जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय हो कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहाँ वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6. **व्यावृत्ति.**-इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

**अनुसूची**

| पद का नाम | पद की संख्या | वर्गीकरण | वेतन मैट्रिक्स में स्तर | चयन या अचयन पद | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| ज्येष्ठ निजी सचिव | 28(2023)* <br>* कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है। | साधारण केन्द्रीय सेवा समूह 'ख' राजपत्रित, अनुसचिवीय | वेतन मैट्रिक्स में स्तर – 8 (47600 - 151100 रू) | चयन | लागू नहीं होता |

| सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो | भर्ती की पद्धति : भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता |
|---|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) | (10) |
| लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा |

| प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में उस श्रेणी का नाम जिससे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन किया जाएगा | यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना | भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा |
|---|---|---|
| (11) | (12) | (13) |
| **प्रोन्नति :**<br>वेतन मैट्रिक्स के स्तर -7 (44900-142400 रू) में ऐसे निजी सचिव जिन्होने उस श्रेणी में दो वर्ष की नियमित सेवा की है; जिसके ना हो सकने पर वेतन मैट्रिक्स के स्तर-7 (44900-142400 रू) में निजी सचिव की श्रेणी और वेतन मैट्रिक्स के स्तर-6 ( 35400- 112400 रू) में आशुलिपिक श्रेणी-I में छह वर्ष की संयुक्त नियमित सेवा के साथ वेतन मैट्रिक्स के स्तर-7 (44900-142400 रू) में निजी सचिव और विभाग के अधीन कार्यरत विभिन्न क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्रों में प्रदान किए गए उच्चतर पद के कर्तव्यों से संबंधित दो सप्ताह का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया है।<br>**टिप्पण** : जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहाँ उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गयी ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो ।<br>**प्रतिनियुक्ति :**<br>केंद्रीय सरकार के अधीन आशुलिपिक पद धारण करने वाले ऐसे अधिकारी:<br>(i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर | **समूह "ख " विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के संबंध में विचार करने के लिए ) निम्नलिखित से मिल कर बनेगी:**<br>• रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक - अध्यक्ष ;<br>• रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक – सदस्य ;<br>• रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक या रक्षा लेखा नियंत्रक या एकीकृत वित्तीय सलाहकार – सदस्य। | संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक नहीं है। |

| | | |
|---|---|---|
| सदृश पद धारण किए हुए हैं; या<br>(ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर -7 (44,900 – 1,42,400 रु.) या समतुल्य में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात 2 वर्ष सेवा की है।<br>**टिप्पण 1:** पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार, प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे।<br>**टिप्पण 2:** प्रतिनियुक्ति की अवधि जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।<br>**टिप्पण 3:** प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी। | | |

[फा. सं. 9(2)/DAD/C/2023]

वेदवीर आर्या, संयुक्त सचिव और अपर वित्तीय सलाहकार

## MINISTRY OF DEFENCE

**(Finance Division)**

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 30th December, 2023

**S.R.O. 89.**—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution and in supersession of the Defence Accounts Department (Senior Private Secretary) Rules, 2007, except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Senior Private Secretary in the Defence Accounts Department, Ministry of Defence, namely: -

1. **Short title and commencement.**-(1) These rules may be called the Ministry of Defence, Defence Accounts Department, Senior Private Secretary (Group 'B' Post) Recruitment Rules, 2023.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number of post, classification and level in pay matrix.**-The number of the said post, its classification and level in the pay matrix attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3. **Method of recruitment, age-limit, qualifications, etc.**-The method of recruitment, age-limit, qualifications and other matters relating to the said post shall be as specified in columns (5) to (13) of the said Schedule.

4. **Disqualification.**-No person,-

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person;

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. **Power to relax.**-Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order and for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. **Saving.**-Nothing in these rules shall affect reservation, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Schedules Castes, the Scheduled Tribes, the Other Backward Classes, the Ex-servicemen and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

**SCHEDULE**

| **Name of post** | **Number of post** | **Classification** | **Level in pay matrix** | **Whether selection post or non-selection post** | **Age- limit for direct recruits** |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| Senior Private Secretary | 28(2023)*<br>*Subject to variation dependent on workload. | General Central Service, Group 'B' Gazetted, Ministerial | Level- 8 in the pay matrix (Rs. 47600-151100) | Selection | Not applicable |

| Educational and other qualifications required for direct recruits. | Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees. | Period of probation, if any. | Method of recruitment whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/absorption and percentage of vacancies to be filled by various methods. | In case of recruitment by promotion or by deputation/ absorption, grades from which promotion or deputation/ absorption to be made. |
|---|---|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) | (10) | (11) |
| Not applicable. | Not applicable. | Not applicable. | By promotion failing which by deputation. | Promotion:<br>Private Secretary in level-7 in the pay matrix (Rs 44900-142400) with two years regular service in the grade; failing which Private Secretary in level-7 in the pay matrix (Rs 44900-142400) with six years combined regular service in the grades of Private Secretary in level-7 in the pay matrix ( Rs 44900-142400) and Stenographer Grade-I in level-6 in the pay matrix (Rs 35400 -112400) and successfully completed two weeks training in relation to the duties of Higher post imparted at various Regional Training Centres functioning under the department.<br>**Note :** Where juniors who have completed their qualifying or eligibility service are being considered for promotion, their seniors would also be considered provided they are not short of the requisite qualifying or eligibility service by more than half of such qualifying or eligibility service or two years, whichever is less and have successfully completed their probation period for promotion to the next higher grade along with their juniors who have |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | already completed such qualifying or eligibility service.<br><br>Deputation:<br><br>Officers holding the post of Stenographer under the Central Government ;<br><br>(i) holding analogous post on regular basis in the parent cadre or department; or<br><br>(ii) with two years' service rendered after appointment thereto on regular basis in the level-7 in the pay matrix ( Rs 44900-142400) or equivalent in the parent cadre or department.<br><br>**Note 1:** The departmental officers in the feeder category who are in the direct line of promotion shall not be eligible for consideration for appointment on deputation. Similarly, the deputationists shall not be eligible for consideration for appointment by promotion.<br><br>**Note 2:** The period of deputation including the period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other organisation or department of the Central Government shall ordinarily not exceed three years.<br><br>**Note3:**The maximum age-limit for appointment by deputation shall be not exceeding fifty-six years as on the last date of receipt of applications. |

| **If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition.** | **Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment.** |
|---|---|
| (12) | (13) |
| **Group `B` Departmental Promotion Committee (for considering promotion) consisting of :-**<br><br>1. Additional Controller General of Defence Accounts – Chairman;<br><br>2. Joint Controller General of Defence Accounts - Member;<br><br>3. Principal Controller of Defence Accounts or Controller of Defence Accounts or Integrated Finance Advisor – Member. | Consultation with the Union Public Service Commission is not necessary. |

[F. No. 9(2)/DAD/C/2023]

VEDVEER ARYA, Jt. Secy. and Addl. Financial Adviser

**(रक्षा अनुसंधान और विकास विभाग)**

**अधिसूचना**

नई दिल्ली, 22 दिसम्बर 2023

**का.नि.आ. 90.**—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए रक्षा मंत्रालय, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन में उप निदेशक (राजभाषा) के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती हैं, अर्थात्:-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.**—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम रक्षा मंत्रालय, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन, उप निदेशक, (राजभाषा) समूह 'क' पद, भर्ती नियम, 2023 है।